हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 28 फरवरी 2025

11 पीआरई, ग्राम जल व सीवरेज समिति के सदस्यों को...



11 शहीदों के बलिदान को याद कर लिया भारत मां की...



**खबर संक्षेप**

### पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक पकड़ा

**नारनौल।** पुलिस ने नांगल चौधरी क्षेत्र से एक आरोपित को गिरफ्तार कर अवैध शराब बरामद की है। पुलिस ने 150 पव्वे देसी शराब बरामद की है। पुलिस ने अवैध शराब को जब्त कर आरोपित के खिलाफ थाना नांगल चौधरी में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस गश्त के दौरान नजदीक शनि मंदिर नांगल चौधरी मौजूद थी, टीम को गुप्त सूचना मिली कि संजय वासी वार्ड नंबर छह नांगल चौधरी अवैध शराब बेचने का काम करता है और फिलहाल अपने घर के गेट पर एक प्लास्टिक कट्टा में रखकर शराब बेच रहा है।

### देसी पिस्टल के साथ खातोद का मंजीत काबू

**महेंद्रगढ़।** सीआईए पुलिस टीम ने थाना सदर क्षेत्र से अवैध हथियार रखने के मामले में गुप्त सूचना के आधार पर एक आरोपित मंजीत वासी खातोद को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपित से पुलिस ने एक अवैध देसी पिस्टल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। आरोपित हिस्ट्रीशीटर है और आरोपित पर पहले भी 11 मामले दर्ज हैं। आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया।

### महिला की शिकायत पर मारपीट का मामला दर्ज

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के एक गांव में घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट करने पर पुलिस ने एक व्यक्ति पर मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार हसनपुर निवासी पीड़ित महिला पुष्पा देवी ने पुलिस में दर्ज शिकायत में बताया कि गत 26 फरवरी को महासर निवासी सचिन उसके घर छिप रहा था। वह अन्दर गई तो उसे कुछ तख्त के नीचे कुछ आवाज सी महसूस हुई। तभी तख्त के नीचे देखा तो सचिन नीचे बैठा हुआ।

### वाहन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**नारनौल।** नेशनल हाइवे नंबर 148-बी पर सिरोही बहाली टोल प्लाजा के पास वाहन की चपेट में आने से एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक के पास पहचान का कोई दस्तावेज नहीं मिला। जिसके कारण उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई। पुलिस ने शव को शिनाख्त के लिए नागरिक अस्पताल में रखवा दिया। नांगल चौधरी थाना के एसएचओ देवेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली की नांगल चौधरी टोल के पास एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

### 9वीं वार्षिक दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

**मंडी अटेली।** राजकीय महिला महाविद्यालय अटेली में दो दिवसीय 9वीं वार्षिक एथलेटिक मीट 2024-25 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा लोक सेवा आयोग एचपीएससी की सदस्य ममता यादव रही। महाविद्यालय के प्राचार्या डा. प्रवीण यादव व समस्त स्टाफ सदस्यों ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत में ममता यादव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए छात्राओं को आत्मविश्वास और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

### उन्नत कृषि अपनाकर पैदावार बढ़ाए किसान

**महेंद्रगढ़।** कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा वीरवार को अनुसूचित जाति उपपरियोजना के अंतर्गत गांव भांडोर ऊंची में सरसों खेत दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान किसानों को सरसों की अच्छी पैदावार के लिए उन्नत कृषि क्रिया के बारे में बताया गया तथा सरसों की फसल में बीमारियों की पहचान के उपाय बताए गए। खेत दिवस के आयोजक पौध रोग वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र यादव ने किसानों को सरसों फसल के लगाए हुए प्रदर्शन प्लाट की उन्नत कृषि क्रियाओं से अवगत कराया।

*शाम चार बजे मतदान प्रक्रिया होगी खत्म*

# मुख्य जिला बार एसोसिएशन चुनाव आज : चार प्रधान, चार सचिव व दो उपप्रधान पद के बीच मुकाबला, निष्पक्ष मतदान की तैयारियां पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

मुख्य जिला बार एसोसिएशन का चुनाव आज शुक्रवार को होगा। इसको लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस चुनाव में चार प्रधान, चार सचिव और दो उपप्रधान पद के लिए मैदान में है। यह मतदान सुबह नौ बजे आरम्भ होगा, जो शाम चार बजे तक जारी रहेगा।

इस चुनाव में 781 एडवोकेट अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। शाम चार बजे के बाद मतगणना आरम्भ होगा और उसी वक्त परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। मुख्य चुनाव अधिकारी करण सिंह एडेवोकेट ने बताया कि प्रधान पद के लिए चार उम्मीदवार है। इनमें अनिल कुमार, लक्ष्मी नारायण, संतोख सिंह यादव व यशवंत सिंह है। सचिव पद के लिए भी चार उम्मीदवार है। इनमें अवदेश कुमार, हरेंद्र लाम्बा, हेमंत कृष्ण भारद्वाज व प्रदीप कुमार है। उप प्रधान पद के लिए दो महिला उम्मीदवार मैदान में है। इनमें प्रज्ञा व विकास सांगवान शामिल है। उन्होंने बताया कि यह चुनाव बैलेट पेपर से होगा। अलग अलग रंग के बैलेट पेपर तैयार करवाएं गए है उम्मीदवारों के नाम इस बैलेट पेपर में शामिल किए गए है।

#### कनीना बार एसोसिएशन चुनाव आज

कनीना। कनीना बार एसोसिएशन के चुनाव के लिए चार उम्मीदवार मैदान में डटे हुए हैं। चुनाव अधिकारी एडवोकेट दिनेश कुमार यादव व सहचुनाव अधिकारी नवीन कौशिक ने बताया कि प्रधान पद के लिए एडवोकेट वीपी गुर्जर, सतीश कुमार, मंजीत सिंह, अखिल अग्रवाल तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए एडवोकेट कुणाल व शशि कुमार चुनाव मैदान में हैं। बार एसोसिएशन के निवर्तमान प्रधान सुनील यादव ने बताया कि उपप्रधान के लिए एडवोकेट संदीप कुमार, सचिव पद के लिए एडवोकेट सोमबीर सिंह व सहसचिव पद के लिए एडवोकेट जितेंद्र सिंह निर्विरोध चुने जा चुके हैं। प्रधान व कोषाध्यक्ष पद के लिए 28 फरवरी को सुबह 10 बजे से सायं चार बजे तक मतदान होगा। जिसमें 156 अधिवक्ता अपने मत का प्रयोग करेंगे। मतदान के बाद मतगणना कर परिणाम जारी किए जाएंगे।



नारनौल। चुनावी तैयारी में मुख्य चुनाव अधिकारी करण सिंह एडवोकेट।

#### अब तक यह पहुंचे प्रधान कुर्सी तक, आंकड़ों में जानें रहे कब से कब तक

| | | | |
|---|---|---|---|
| लाला रामशरणदास संघी | 1965-1971 | गजराज सिंह चौहान | अप्रैल 2004-मार्च 2005 |
| मातादीन शर्मा | 1971-1974 | राजेंद्र सिंह यादव | अप्रैल 2005-मार्च 2007 |
| नूनिहाल सिंह यादव | 1974-1975 | राकेश यादव | अप्रैल 2007-मार्च 2008 |
| रामजीलाल परमार | 1977-1978 | बी.एस. भारद्वाज | अप्रैल 2008-मार्च 2009 |
| बुद्धदेव यादव | 1978-1979 | राजकुमार यादव नांगलिया | अप्रैल 2009-मार्च 2010 |
| राजेंद्र प्रसाद यादव | 1979-1980 | बलवंत सिंह राव | अप्रैल 2010-मार्च 2011 |
| नरेंद्र सिंह यादव | 1980-1986 | भहानी सहाय | अप्रैल 2011-मार्च 2013 |
| उदयसिंह यादव | 1986-1988 | करण सिंह यादव | मार्च 2013-मई 2014 |
| रंगलाल यादव | 1988-1990 | बी.एस. राव | मई 2014-जनवरी 2017 |
| बलवंत सिंह यादव | 1990-1991 | मनीष वशिष्ठ | जनवरी 2017-अप्रैल 2018 |
| महेंद्र सिंह यादव | 1991-1992 | महेंद्र यादव | अप्रैल 2018-अप्रैल 2019 |
| नरेंद्र सिंह यादव | 1992-1993 | अशोक यादव | अप्रैल 2019-मार्च 2021 |
| हरिसिंह सैनी | 1993-1996 | गिरीबाला यादव-एक्जीक्यूटिंग | मार्च 2021 |
| उदय सिंह यादव | अगस्त 1996-सितम्बर 1998 | अशोक यादव | अप्रैल 2021 |
| कैलाशचंद कौशिक | सितम्बर 1998-अगस्त 1999 | यशवंत सिंह यादव रामपुरा | दिसम्बर 2021 |
| विचित्रदेव शर्मा | अगस्त 1999-सितम्बर 2000 | राजकुमार रामबास | दिसम्बर 2022 |
| ओमप्रकाश जैन | अक्टूबर 2000-अक्टूबर 2001 | मनजीत सिंह यादव | दिसम्बर 2023 |
| विरेंद्र सिंह यादव | अक्टूबर 2001 | (जैसा बार एसोसिएशन के डेक्स बोर्ड पर है) | |
| प्रेमनाथ गुप्ता | फरवरी 2003-मार्च 2004 | | |

संशय के बीच नगर परिषद की बजट बैठक का आयोतन

# बैठक में चेयरपर्सन समेत केवल आठ-नौ पार्षद ही मौजूद रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

गुरुवार को दोपहर तीन बजे बाद नगर परिषद की सालभर में केवल एकबार होने वाली बजट मीटिंग में हास्यास्पद स्थिति देखने को मिली। शहर में वैसे तो 31 वार्ड पार्षद एवं एक महिला चेयरपर्सन है और बजट मीटिंग में नगर परिषद के जिम्मेदार पदों पर बैठे अधिकारी भी मौजूद रहते हैं। यह सभी हाजिर होने से मीटिंग हाल खचाखच भरा नजर आता है, लेकिन गुरुवार को हुई मीटिंग में विचित्र स्थिति देखने को मिली। मीटिंग में चेयरपर्सन समेत केवल आठ-नौ पार्षद ही मौजूद रहे। जबकि कोरम के लिए कम से कम 16 पार्षद मौजूद होने जरूरी थी, लेकिन अनेक पार्षद मीटिंग में आए और साइन करके चले गए। कोई दो मिनट रूका तो कोई बमुश्किल पांच मिनट। सभी ने जरूरी कार्यों को लेकर मीटिंग में उपस्थित रहने में अपनी असमर्थता जताई है। दूसरी ओर इस मीटिंग में मौजूद पार्षदों एवं अधिकारियों ने लगभग 41 करोड़ रुपये की आय एवं लगभग इतने ही रुपये सालभर में खर्च होने का अनुमान लगाया है। कमाल की बात है कि मीटिंग में जिन एजेंडों पर चर्चा हुई या पारित हुए, उनकी जानकारी शेयर करने को कोई अधिकारी या पार्षद तैयार नहीं। सभी एक-दूसरे पर टरकाऊ नीति अपना रहे हैं। कमाल की बात है कि इतनी बड़ी महत्वपूर्ण मीटिंग इनकी नजर में कोई अहमियत नहीं रखती। ऐसे में उन लोगों के विश्वास का खून होता नजर आ रहा है, जिन पर लोग अपना विश्वास जमाए बैठे हैं। वैसे अनेक पार्षदों ने नगर परिषद के अधिकारियों के रवैये को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया है और इसकी आलोचना की है।




#### ईओ की तरफ से जारी हुआ पत्रः

नगर परिषद की बजट बैठक बाबत नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी दीपक गोयल की तरफ से सभी पार्षदों को पत्र जारी किया गया। पत्र पर 24 फरवरी 2025 की तारीख दशाई गई है और मीटिंग का समय दोपहर बाद तीन बजे का दर्शाया गया है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि बजट वित्त वर्ष 2025-26 नगर परिषद की एफसीसी कमेटी द्वारा 21 फरवरी को पारित किया जा चुका है तथा बजट नगर परिषद की विशेष बैठक में भी पारित किया जाना है। इसलिए 27 फरवरी को दोपहर तीन बजे प्रधान की अध्यक्षता में मीटिंग बुलाई है, जिसमें भाग लेना सुनिश्चित करें।

#### दस पार्षदों ने किए हैं साइन

हस्ताक्षर रजिस्ट्रर की एक फोटो सोशल ग्रुपों में वॉयरल हो रही है, जिसके कार्यवाही रजिस्ट्रर में मीटिंग में उपस्थित सदस्यों में चेयरपर्सन कमलेश सैनी, वार्ड 22 के पार्षद अमरसिंह, वार्ड 26 के पार्षद काशीराम, वार्ड तीन के पार्षद अत्तर सिंह, वार्ड 19 की पार्षद रजनी बहल, वार्ड नौ की पार्षद रितु खरेरा, वार्ड 25 के पार्षद अजय सिंघल, वार्ड दो की पार्षद प्रीति तथा वार्ड एक की पार्षद संजय कुमार के नाम व हस्ताक्षर दर्ज हैं। इसमें पांच नंबर पर दर्ज वार्ड 28 की पार्षद सोनम यादव ने हस्ताक्षर कर रखे हैं, लेकिन फिर उन्हें काट भी दिया गया है। ऐसे में सवाल उठता है कि मीटिंग का कोरम भी पूरा नहीं था और मीटिंग कर ली। चर्चा आम चली हुई है कि कार्यवाही रजिस्ट्रर को वार्ड पार्षदों के घर-घर घुमाकर उनके साइन करवाए जा रहे हैं, ताकि कोरम पूरा दिखे।

#### यह बोले अधिकारी

मीटिंग का कोरम पूरा था। पार्षद आ रहे थे और जा रहे थे। उन्हें आवश्यक कार्य थे और वह यह बताकर मीटिंग से जा रहे थे। गोयल ने बताया कि इस बजट मीटिंग में 40 करोड़ 89 लाख 95 हजार 750 रुपये की इनकम होना तथा 405427000 रुपये खर्च होने का अनुमान है।

**दीपक गोयल,** नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी



9 नारनौल। अवैध बजरी ढोते पकड़े गए ट्रैक्टर ट्रॉली। फोटो : हरिभूमि

# खनिज के अवैध परिवहन पर प्रशासन की कड़ी कार्रवाई

- राजस्थान से अवैध बजरी ला रहे दो ट्रैक्टर ट्रॉली पकड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला प्रशासन की ओर से गठित टास्क फोर्स ने वीरवार को निजामपुर के नजदीक राजस्थान से अवैध बजरी ला रहे दो ट्रैक्टर ट्रॉली पकड़ी। इनसे नियम अनुसार 4.30 लाख रुपये जुर्माना वसूल किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला खनन इंजीनियर डा. राजेश कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन की टीम निजामपुर की तरफ गस्त पर थी। इसी दौरान राजस्थान बॉर्डर पर राजस्थान से अवैध बजरी ला रहे दो ट्रैक्टर ट्रॉली को रखवाया। बजरी के संबंध में वे कोई भी बिल नहीं दिखा पाए। ऐसे में टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों ट्रैक्टर ट्रॉली को निजामपुर में बनाए गए बाड़े में खड़ा करवा लिया है। विभाग ने नियम अनुसार इन दोनों पर 4.30 लाख रुपये जुर्माना लगाया है। जुर्माने की वसूली के लिए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि खनन विभाग के महानिदेशक केएम पाण्डुरंग के दिशानिर्देशन में अवैध खनन के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। ड. राजेश कुमार ने बताया कि खनन विभाग की टीम ने वीरवार को नांगल चौधरी क्षेत्र में भी औचक निरीक्षण किया उन्होंने बताया कि अवैध खनन के खिलाफ जिला प्रशासन की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। प्रशासन की ओर से ग्राम पंचायत को भी निर्देश दिए गए हैं।

# गर्म दूध गिरने से डेढ़ वर्षीय मासूम की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

गांव कारोता में शाम के समय अकेले खेल रहे करीब डेढ़ वर्षीय बच्चे पर गर्म दूध गिरने से उसकी अकाल ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गांव कारोता में शाम के समय करीब सात बजे करीब डेढ़ वर्षीय अयांश पुत्र संदीप कुमार घर पर ही खेल रहा था, तब उस पर गर्म दूध गिर गया और वह बुरी तरह से झुलस गया। दूध इतना उबाल खाया हुआ था कि जो उसने कपड़े पहन रखे थे, वह उसके शरीर को चिपक गए। घबराए परिजन उसे नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे और उपचार शुरू करवाया, लेकिन वह बच न सका। वह अपनी बहन का इकलौता भाई था। पिता संदीप ने बताया कि शाम को परिवार के सदस्य घर पर ही थे और मकान के बाहर आंगन में कुछ काम कर रहे थे, जबकि अयांश खेलता-खेलता अंदर चला गया। वहां पर हारे पर भगुने में दूध गर्म करके रखा हुआ था। अयांश के शरीर पर वही भगुना पलट गया, जिससे उसका सिर तो बच गया, लेकिन पूरा शरीर गर्म दूध की चपेट में आ गया। जब वह चिल्लाया, तब हम सभी उधर दौड़े तो दृश्य देखकर रोंगटे खड़े हो गए और चीख निकल गई। उसे जल्दी से हम उपचार के लिए नारनौल अस्पताल भी लेकर गए, लेकिन वह बच न सका। अयांश की एक बहन भी है और वह उसका इकलौता भाई था।



सतनाली मंडी। सरपंच प्रतिनिधि को मांग पत्र सौंपते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### कॉलेज रोड के जर्जर हाल से विद्यार्थी परेशान

सतनाली मंडी। राजकीय महाविद्यालय जाने वाली सड़क की कई दिनों से खस्ता हालत के कारण विद्यार्थियों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समस्या से परेशान कॉलेज के विद्यार्थियों ने जर्जर हो चुके कॉलेज रोड को बनवाने के लिए सतनाली ग्राम पंचायत को मांगपत्र सौंपा। कॉलेज में सरपंच प्रतिनिधि धर्मबीर सिंह को सौंपे मांगपत्र में अनुराज गोठवाल, अनिल, सुखवीर, प्रियंका, रेनु, पूजा, मनीषा, करीना, मोनिका, मुस्कान, संदीप, प्रीति, कविता, रोहित, निधि, शीतल, सोनम, साक्षी, आदित्य, शालु, पूनम आदि अनेक विद्यार्थियों ने बताया कि कॉलेज रोड पूरी तरह से खराब हो चुका है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बने हुए हैं, जिससे आवागमन में परेशानी का सामना पड़ता है। उन्होंने बताया कि इस सड़क को बनवाने के लिए लंबे समय से मांग की जा रही है।

### श्रमिकों का मांगों को लेकर प्रदर्शन

महेंद्रगढ़। श्रमिकों की मांगों को लेकर भवन निर्माण मजदूर संघ ने अपनी मांगों को लेकर शहर में रोष प्रदर्शन किया। इसके बाद लघु सचिवालय में नायब तहसीलदार को श्रम मंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा। भवन निर्माण मजदूर संघ संबधित इंटक जिला इकाई की बैठक इंटक कार्यालय नजदीक सतनाली चौक महेंद्रगढ़ पर जिला अध्यक्ष विपिन कुमार बसई की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें मंच का संचालन तेजपाल प्रजापति मालडा ने किया। मुख्य वक्ता के तौर पर धर्मवीर सिंह लोहान प्रदेश अध्यक्ष भवन निर्माण मजदूर संघ इंटक एवं मुख्यातिथि के रूप में कृष्ण कुमार नैन ने शिरकत की। प्रदेश अध्यक्ष धर्मवीर सिंह लोहान ने कहा कि आए दिन मजदूरों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जब से बोर्ड लागू हुआ है, तब से लेकर आज तक श्रमिकों का शोषण होता रहा है। कुछ समय पहले बोर्ड के द्वारा असंगठित निर्माण श्रमिकों के श्रम विभाग द्वारा पंजीकरण ब्लॉक किए जाने पर और अन्य समस्याओं को लेकर मजदूर में काफी रोष व्याप्त है। इसलिए यूनियन बाध्य होकर आज काफी संख्या में श्रमिक इंटक कार्यालय पर एकत्रित होकर रोष प्रदर्शन करते हुए नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। कृष्ण कुमार नैन ने कहा कि बोर्ड द्वारा सरकार के अधिकारियों द्वारा एक साल में 90 दिन का कार्य प्रमाण पत्र डिजिटल हस्ताक्षर होने के बावजूद भी वर्क स्थल पर आपत्ति जताई जाती है।

### फैजाबाद में क्रिकेट प्रतियोगिता की विजेता टीम पुरस्कृत

**अटेली मंडी।** सिहमा खंड के गांव फैजाबाद में क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू हो गई है। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम विजेता टीम को 31 हजार एवं उपविजेता टीम को 21 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इस मौके पर मुख्य अतिथि सतीश उर्फ बबली सिहार रहे एवं विशिष्ट अतिथि ब्लॉक सिहमा सरपंच एसोसिएशन के उपप्रधान सरपंच प्रदीप उर्फ मोनू रहे। क्रिकेट प्रतियोगिता वीरवार को कुल आठ टीमों ने भाग लिया। इस दौरान पहला मुकाबला डोहर खुर्द और मण्डलाना के बीच में हुआ, जिसमें डोहर खुर्द की टीम विजेता रही। दूसरा मुकाबला डोहर कलां और मेई के बीच हुआ, जिसमें मेई विजेता रही। तीसरा मुकाबला फैजाबाद बी और लहरोदा के बीच हुआ, जिसमें फैजाबाद बी विजेता रही। चौथा और अंतिम मुकाबला नांगतिहाड़ी और बास के बीच हुआ, जिसमें बास विजेता रही। इस मौके पर मुख्य अतिथि सतीश उर्फ बबली ने बताया कि खेलों से हमारे अंदर टीम भावना और मेहनत का महत्व समझ आता है। जो जीवन के हर क्षेत्र में मददगार साबित होता है। खेल हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि खेल न केवल अनुशासन, सहयोग और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देते हैं, बल्कि जीवन में लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में भी मार्गदर्शन करते हैं। एसोसिएशन के उपप्रधान सरपंच प्रदीप उर्फ मोनू ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने लिए किया गया।



मंडी अटेली। फैजाबाद में क्रिकेट प्रतियोगिता में मुकाबला चलता हुआ।

**पालिका चुनाव** आरओ डा. जितेंद्र सिंह ने पोलिंग पार्टियों को दिया प्रशिक्षण

*12 मार्च को कड़ी सुरक्षा के बीच मतगणना की जाएगी। शांतिपूर्वक चुनाव के लिए सभी बंदोबस्त पूरे*

# कनीना नगर पालिका चुनावः वार्ड नौ व 13 संवेदनशील मतदान केंद्र घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

कनीना के एसडीएम एवं आरओ डॉ जितेंद्र सिंह ने दो मार्च को होने वाले कनीना नगर पालिका चुनाव के लिए वीरवार को पोलिंग पार्टियों को प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर डा. जितेंद्र सिंह ने कहा कि लोकतंत्र में निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव सबसे जरूरी है। ऐसे में सभी चुनाव अधिकारी पूरी निष्ठा व पारदर्शिता के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएं। किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही ना करें।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देश अनुसार प्रक्रिया अपनाई जाए। डा. जितेंद्र सिंह ने बताया कि अब सभी पोलिंग पार्टियां एक मार्च को अपने अपने बूथ के लिए रवाना होंगी। इस दौरान उन्हें अंतिम प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इसके अलावा ईवीएम की फर्स्ट लेवल चैकिंग भी संबंधित उम्मीदवार व उसके एजेंट की मौजूदगी में कराई गई। राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल कनीना में स्ट्रांग रूम बनाया हुआ है। उन्होंने कहा कि चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। नगर पालिका चुनाव कनीना के मतदान केंद्र नौ व 13 को संवेदनशील मतदान केंद्र के रूप में चिन्हित किया गया है। इन केंद्रों पर सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए हैं, ताकि मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके। उन्होंने कहा कि प्रशासन मतदाताओं से भी अनुरोध करता है कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग करें व लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने में सहयोग दें। इस मौके पर एआरओ दलबीर सिंह दुग्गल, प्रिंसिपल विक्रम यादव, पूनम, सुरेश, सतीश बेरी, राकेश अन्य अधिकारी मौजूद थे।

चुनाव अधिकारी डा. जितेंद्र सिंह ने बताया कि नपा आम चुनाव के लिए पोलिंग पार्टियों की रिहर्सल कराई गई। एक मार्च को पोलिंग पार्टियों को राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल से ईवीएम जारी की जाएंगी।



महेंद्रगढ़। 12 नारनौल। पोलिंग पार्टियों को प्रशिक्षण देते एसडीएम डा. जितेंद्र सिंह। फोटो : हरिभूमि फोटो : हरिभूमि

#### चुनाव का प्रचार चरम सीमा पर पहुंचा

**कनीना।** नगर पालिका चुनाव को लेकर चुनाव प्रचार चरम सीमा पर पहुंच गया है। चेयरपर्सन पद की महिला प्रत्याशी डोर टू डोर जोकर मतदाताओं से संपर्क साध रही हैं। ईधर चुनाव को लेकर शनिवार को पोलिंग पार्टियां राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कनीना में बनाए गए स्ट्रांग रूम से ईवीएम मशीने लेकर रवाना होगी। शुक्रवार को सायं पांच बजे बाद लाउड स्पीकर बंद हो जाएंगे। नपा चेयरमैन पद के लिए सात तथा वार्ड पार्षद के लिए 41 सहित कुल 48 उम्मीदवारों का भाग्य दो मार्च को इवीएम में बंद होगा, जो होली त्योहार की पूर्व संध्या पर 12 मार्च को खुलेगा।

## खबर संक्षेप

### भारतीय हिंदू महासभा की कार्यकारिणी का गठन

**नांगल चौधरी।** अखिल भारतीय हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सतीश रावत की अध्यक्षता में संगठन की बैठक हुई। जिसमें प्रदेश कार्यकरिणी का विस्तार किया गया। इस दौरान भारतीय संस्कृति के अनुसरण व प्रत्येक घर में गोपालन के जागरूकता अभियान की रूपरेखा बनाई। नवनियुक्त पदाधिकारियों को गांव वाइज टीम का गठन करके समाज व राष्ट्रहित में योगदान देने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि बिरेंद्र सिंह भाटी को वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष, शीशराम गुर्जर पुत्र रणबीर को सीनियर उपाध्यक्ष, राजकुमार पुत्र घीसाराम को उपाध्यक्ष, रामप्रसाद पुत्र रामस्वरूप को संगठन मंत्री का दायित्व दिया गया। गिरीराज रावत

### बाबा मुकुंददास गोशाला वार्षिकोत्सव आज

**नांगल चौधरी।** बाबा मुकुंददास गोशाला में 28 फरवरी को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन चौधरी बैजनाथ चेरीटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन गोविंद चौधरी की अध्यक्षता में होगा। जिसमें भिवानी महेंद्रगढ़ के सांसद चौ. धर्मबीर मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में ग्रामीणों को गौसेवा के लिए प्रेरित किया जाएगा। कमेटी के सचिव प्रमोद वत्स ने बताया कि वार्षिकोत्सव का शुभारंभ सुबह 11:15 बजे होगा।

### कनीना में बाबा मोलड़नाथ का मेला 10 मार्च को

**कनीना।** कनीना में 10 मार्च को आयोजित होने वाले बाबा मोलड़नाथ के मेले की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस मेले में उंट व देसी घोड़ी दौड़ मुख्य आकर्षण होता है। सुभाष यादव व सूबेदार रणवीर सिंह ने बताया कि बाबा मोलड़नाथ की 74वीं स्मृति में फाल्गुन शुदी एकादशी को आयोजित होने वाले मेले में खेलकूद प्रतियोगिता सहित भंडारे का आयोजन किया जाएगा। नौ मार्च रात्रि को फुटबॉल मैदान में जागरण होगा।

### मिर्जापुर बाछौद में मेला व भंडारा कल

**मंडी अटेली।** बाबा हनुमान जी का मेला एवं भंडारा मिर्जापुर बाछौद में एक मार्च को आयोजित किया जा रहा है। इस मेले में प्रतियोगिता में प्रो कबड्डी प्रतियोगिता करवाई जाएगी। जानकारी देते हुए सरपंच संजय बागड़ी, सरपंच दिलबाग सिंह ने बताया कि मिर्जापुर बाछौद में मिति फुलेरा दौज पर बाबा हनुमान जी का मेला एवं भंडारा हनुमान मंदिर सुबह हवन व सुंदरकांड पाठ व भंडारा लगाया जाएगा। उसके बाद पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता करवाई जाएगी, जिसमें प्रथम विजेता टीम को 51 हजार एवं द्वितीय विजेता टीम को 31 हजार रुपये दिए जाएंगे। इसके साथ बेस्ट रेडर व बेस्ट कैचर को 2100 रुपये नगद पुरस्कार दिया जाएगा।

### मारपीट कर नकदी छीनने के मामले में दो काबू

**कनीना।** थाना शहर पुलिस ने कोटिया निवासी टेलरिंग का कार्य करने वाले एक व्यक्ति से मारपीट कर तीन हजार रुपये छीनने के दो आरोपितों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपितों की पहचान अंकित वासी निमली जिला चरखी दादरी व सुनील वासी नौगांव थाना साल्हावास जिला झज्जर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया है।

---

ग्राम पंचायतों के लिए बाल विकास कार्यालय में हुआ प्रशिक्षण का आयोजन

# पीआरई, ग्राम जल व सीवरेज समिति के सदस्यों को कार्यशाला में दिया प्रशिक्षण

नई नीति के तहत ग्राम पंचायतों व जल समिति को दिया जल प्रबंधन का अधिकार: कार्यकारी अभियंता फूलसिंह तंवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


नारनौल। उपस्थितजनों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते विभाग के अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की ओर से खंड की ग्राम पंचायतों के लिए बाल विकास कार्यालय स्थित मीटिंग हॉल में पीआरआई, ग्राम जल एवं सीवरेज समिति सदस्यों को जल जीवन मिशन के तहत पेयजल व्यवस्था की नई संचालन एवं रखरखाव नीति संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिसमें खंड की 52 ग्राम पंचायतों ने हिस्सा लिया। जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा की अध्यक्षता में हुए इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि कार्यकारी अभियंता फूलसिंह तंवर व विषिश्ट अतिथि जिला बाल कल्याण अधिकारी राजेन्द्र कुमार, उपमंडल अभियंता मुकेश कुमार, उपमंडल अभियंता अजय कुमार, विद्युत निगम से उपमंडल अभियंता मोहम्मद अजरूद्दीन ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

कार्यशाला में जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा ने पेयजल व्यवस्था की नई संखलन व रखरखाव नीति संबंधित विस्तार से जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि इस नीति के तहत अब ग्राम पंचायतें सरकारी जन भागीदारी सुनिश्चित करें, ताकि जल जीवन मिशन के उद्देश्य को निरंतर सफल बनाया जा सके। इस कार्यक्रम के तहत ग्राम जल एवं सीवरेज समिति का कार्य अहम रहेगा, वहीं महिला सशक्तिकरण के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक स्वयं सहायता समूह की महिला को जल जीवन मिशन के साथ जोड़ा जा रहा है, जो गांव में नल कनेक्शन देने, पेयजल बिल एकत्रित करने व पानी की जांच करने का कार्य भी करेगी। मुख्यातिथि फूलसिंह तंवर ने सभी ग्राम सरपंचों से अपील की कि सरकार की इस जनभागीदारी नई पेयजल संचालन एवं रखरखाव नीति को अपनाए, ताकि इस नीति के तहत गांव की तस्वीर बदली जा सकें। उन्होंने कहा कि इस नीति का उद्देश्य है कि हर ग्रामीण घर तक साफ और सुरक्षित पेयजल पंचायत की भागीदारी के साथ सही समय पर पहुंचाना है। जिससे प्रत्येक परिवार को स्वच्छ जल मिल सके, यही कारण है कि इस नीति के तहत ग्राम पंचायत और समिति को जल प्रबंधन का अधिकार दिया गया है तथा साथ ही जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, पंचायत विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की जिम्मेदारी भी निर्धारित की गई है।

### ग्राम पंचायतें करें सहयोग

उपमंडल अभियंता मुकेश कुमार ने कहा कि खंड में पेयजल संबंधित किसी भी समस्या के समाधान हेतु विभाग के टॉल फ्री नंबर 18001805678 का प्रयोग अवश्य करें। उमंडल अभियंत अजय कुमार ने कहा कि सभी ग्राम पंचायतें सहयोग करें। सुपरवाइजर रामशरण ने वाटर ट्रीटमैंट प्लांट की तकनीकी जानकारी प्रदान की। बीआरसी इंद्रजीत ने ग्राम जल एवं सीवरेज समिति के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। बीआरसी अशोक कुमार ने 15वें वित्त आयोग के बारे में बताया। बिजली निगम से उपमंडल अभियंता मोहम्मद अजरूद्दीन प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का मंच संचालन खंड कनीना के खंड संसाधन संयोजक मोहित ने किया। इस मौके पर जेई अभिषेक, जेई दीपक, बीआरसी इंद्रजीत, बीआरसी धर्मेंद्र, बीआरसी विक्रम सिंह, बीआरसी अशोक यादव, बीआरसी निशू, सत्येन्द्र, सरपंच, ग्राम सचिव, पंच, नलकूप चालक, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रही।

---


नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेते डीसी डा. विवेक भारती। फोटो : हरिभूमि

# नशा मुक्त भारत अभियान एक महत्वपूर्ण कदमः डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नशा मुक्त भारत अभियान एक महत्वपूर्ण कदम है। इसी तर्ज पर हरियाणा सरकार भी युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रखने के लिए विभिन्न योजनाएं व कार्यक्रम चला रही है। जिला प्रशासन के सभी अधिकारी इस पर लगातार फोकस रखें। यह निर्देश वीरवार को उपायुक्त डा. विवेक भारती ने लघु सचिवालय में नशा मुक्त भारत अभियान व एनकोर्ड के संबंध में ली अधिकारियों की बैठक में दिए।

डीसी ने बताया कि यह अभियान सरकार, सामाजिक संगठनों और नागरिकों के सहयोग से चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त भारत अभियान का मुख्य उद्देश्य नशे के कारण होने वाली सामाजिक व आर्थिक समस्याओं को कम करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नशा मुक्ति केंद्रों और पुनर्वास कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने कहा कि युवाओं को जागरूक करने के लिए शिक्षण संस्थानों में भी लगातार नशा मुक्ति के लिए अभियान चलाया जाए। जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा ने इस बैठक में बारी बारी से नशा मुक्त भारत अभियान के संबंध में एजेंडा प्रस्तुत किया। इसके अलावा डीसी ने चिन्हित अपराध के संबंध में भी बैठक ली तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर नगराधीश मंजीत कुमार, डीएसपी हरदीप , जिला न्यायवादी रमणीक , जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुभाष के अलावा अन्य मौजूद थे।

### शहीद मेजर सतीश दहिया कॉलेज में एथलीट मीट आज

*नांगल चौधरी। शहीद मेजर सतीश दहिया राजकीय कॉलेज में 28 फरवरी को एथलीट का शुभारंभ प्राचार्य डा. अनिल यादव की अध्यक्षता में होगा। जिसमें विजेता खिलाड़ियों को निर्धारित पुरस्कार राशि व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया जाएगा। प्राचार्य डा. अनिल यादव ने बताया कि एथलीट मीट में लोंग जंप, हाई जंप, दौड़, भाला फैंक, रिले रेस, ज्वैलियन थ्रो समेत विभिन्न स्पर्धा शामिल हैं। एक मार्च को प्रतियोगिता का समापन समारोह होगा। जिसमें विजेताओं को पुरस्कार वितरित करने के बाद उन्हें प्रदर्शन में सुधार लाने के टिप्स दिए जएंगे।*

---

# ज्ञानकोष-ए-ग्लोबल स्कूल का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़


महेंद्रगढ़। प्रतियोगिता में मॉडल देखते कुलपति टकेंश्वर कुमार। फोटो : हरिभूमि

- !सीईओ राकेश कुमार ने बताया कि साइंस-डे पर आयोजित प्रतियोगिता में हमारे विद्यालय से आठ विद्यार्थियों ने भाग लिय।
- विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

नेशनल साइंस-डे पर केंद्रीय विश्वविद्यालय जाट पाली में आयोजित प्रतियोगिता में खरकड़ा आकोदा स्थित ज्ञानकोष-ए-ग्लोबल स्कूल के विद्यार्थियों ने साइंस में एक से बढ़कर एक मॉडल प्रस्तुत कर नया कृतिमान स्थापित किया है। सीईओ राकेश कुमार ने बताया कि साइंस-डे पर आयोजित प्रतियोगिता में हमारे विद्यालय से आठ विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें सभी विद्यार्थियों द्वारा तैयार मॉडल एक से बढ़कर एक थे। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को शुभकामना देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। उन्होंने विज्ञान अध्यापक अमित कुमार व वीरेंद्र को इस उपलब्धि पर बधाई दी है। प्राचार्य रामनिवास यादव ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए अपने संबोधन में बताया कि नेशनल साइंस-डे पर केंद्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों की 22 टीमों ने भाग लिया था, जिसमें हमारे स्कूल के बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल का प्रदर्शन काफी श्रेष्ठ रहा। उन्होंने बताया कि हमारे बच्चे खेलों के साथ-साथ विज्ञान में तकनीकी क्षेत्र में भी अपनी श्रेष्ठता का परिचय दे रहे हैं, यह हमारे लिए बड़े गौरव की बात है।

---

# अभिषेक गणियार ने जीती 11 हजार रुपये की कुश्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली


मंडी अटेली। फतेहपुर में कुश्ती दंगल में 11 हजार के पहलवानों के मैच हाथ मिलवाते

शिव सेवा समिति एवं ग्राम वासी फतेहपुर की तरफ से मेले व कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। मेले में पहलवानों ने अपने करतब दिखाए। मेला कमेटी सदस्यों ने विजेता पहलवानों को पुरस्कृत किया। मेले में अनेक कुश्तियां करवाई गई। मेले में जयपाल कटकई को हराकर अभिषेक गणियार ने 11 हजार रुपये इनामी कुश्ती जीती। वहीं कृष्ण महेंद्रगढ़ को हराकर जयपाल ने 5100 रुपये की कुश्ती जीती। मेले में रेफरी के रूप में कर्मवीर रहे। इस मौके पर रामप्रताप प्रधान, बसंत राम, सत्यनारायण, रामौतार पटवारी, विनोद, सतीश, सुनील, गुरबीर के अलावा समस्त ग्रामवासी व मेला कमेटी के लोग उपस्थित रहे।

---

# खासपुर में वरिष्ठ नागरिकों ने सहायक उपकरणों के लिए कराया रजिस्ट्रेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली


मंडी अटेली। खासपुर में वरिष्ठ नागरिक नि :शुल्क कैंप में अपना रजिस्ट्रेशन करवाते हुए।

सिहमा खंड के गांव खासपुर में वीरवार को बाबा खेतानाथ जनसेवा फाउंडेशन के नेतृत्व में रेडक्रॉस द्वारा निःशुल्क कैंप का आयोजन किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ नागरिकों ने इस कैंप का लाभ लिया। इस कैंप में रेडक्रॉस द्वारा व्हीलचेयर, कानों की मशीन, कमर दर्द बैल्ट, घुटनों के दर्द की बैल्ट, गर्दन दर्द बैल्ट व सहारे की छड़ी आदि के लिए कैंप में आए मरीजों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया। इस मौके कर बाबा खेतानाथ जनसेवा फाउंडेशन के संदीप ने बताया कि इस कैंप में वरिष्ठ नागरिकों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया है। करीब दो हफ्ते बाद उनको सहायक उपकरण दिए जाएंगे। जिला प्रशासन का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग जनों को योजनाओं से लाभान्वित तो करना है। साथ ही उनकी हर तरह से मदद करना भी है। हम इस उद्देश्य को लेकर इस प्रकार के कैंपों का आयोजन रेडक्रॉस करवाती रहती है। इस मौके पर से विक्रम सोलंकी, गुलशन कुमार, संदीप शर्मा, प्रिया चौधरी व मुकेश के अलावा इत्यादि उपस्थित रहे।

### हरियाणा पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव कल

**नारनौल।** नांगल चौधरी रोड स्थित हरियाणा पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव व पुण्य प्रतिमा प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन एक मार्च को विद्यालय प्रांगण में किया जाएगा। विद्यालय प्राचार्य सुनील यादव ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय का वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। समारोह के दौरान विद्यालय एमडी डा. हितेश वर्मा के दादा स्व. सूरजभान वर्मा व स्व. दादी कलावती देवी, भगवान वेंकटेश्वर की प्रतिमा अनावरण भी किया जाएगा। कार्यक्रम में परमहंस आश्रम के पीठाधीश महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव महाराज मुख्य अतिथि रहेंगे। अध्यक्षता पूर्व मंत्री व विधायक ओमप्रकाश यादव करेंगे। विशिष्ठ अतिथि के रूप में पूर्व शिक्षामंत्री रामबिलास शर्मा व सनातन महासंघ के संस्थापक गौतम खट्टर मौजूद रहेंगे। डीन मनोज भारद्वाज ने बताया कि प्रतिमा अनावरण व वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थी स्वयं मंत्रोच्चारण के साथ 108 कुंडीय हवन करवाएंगे।

---

# सेका में जागरूक कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


नारनौल। कार्यक्रम में संबोधित करते अधिवक्ता रमेश कुमार। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जारी दिशा निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शैलजा गुप्ता के मार्गदर्शन में वीरवार को गांव सेका में जिला समाज कल्याण विभाग एवं जिला कल्याण विभाग के सहयोग से विश्व सामाजिक न्याय दिवस के बारे में जागरूकता शिविर का आयोजन किया।

इस अवसर पर अधिवक्ता रमेश कुमार ने कहा कि विश्व सामाजिक न्याय दिवस मनाने का मकसद सभी नागरिकों के बीच समानता और न्याय को बढ़ावा देना है। व्यक्ति का धर्म, लिंग या जाति कोई भी हो उसे समान अधिकार देने और सामाजिक असमानता, भेदभाव, बेरोजगारी और मानवाधिकारों के हनन जैसे मुद्दों को लेकर लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए विश्व सामाजिक न्याय दिवस मनाया जाता है। समाज की महानता इस बात से आंकी जाती है कि वह अपने सबसे कमजोर वर्ग के साथ कैसा व्यवहार करता है। सामाजिक न्याय का अर्थ है सबको समान अवसर प्रदान करना है। दुनिया में बढ़ते भेदभाव के कारण यह दिन गरीबी, लिंग, शारीरिक भेदभाव और धार्मिक भेदभाव को खत्म करने का प्रयास करता है।

---

**कार्यक्रम** शहीद चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित, अमर शहीदों को किया याद

# शहीदों के बलिदान को याद कर लिया भारत मां की रक्षा का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


नारनौल। चन्द्रशेखर आजाद को नमन करते संगठन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

आजाद चौक युवा संगठन की ओर से शहीद चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि के अवसर पर आजाद चौक परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों व शहर के गणमान्य नागरिकों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा में संगठन के प्रधान लोकेश निर्मल ने कहा कि शहीद चंद्रशेखर आजाद केवल एक व्यक्ति नहीं थे, बल्कि एक विचारधारा थे। उन्होंने अपने साहस और निडरता से ब्रिटिश हुकूमत को चुनौती दी तथा जीवनभर अपने उस संकल्प पर अडिग रहे कि वह कभी अंग्रेजों के हाथ नहीं आएंगे। उन्होंने कहा कि आज उनकी पुण्यतिथि पर हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि हम उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं और देशहित को सर्वोपरि रखें। उन्होंने कहा कि आज का युवा अगर चंद्रशेखर आजाद के विचारों को आत्मसात कर ले तो समाज में बड़े बदलाव आ सकते हैं। उन्होंने हमें यह सिखाया कि परिस्थितियां चाहे कितनी भी कठिन हों, लेकिन अपने मूल्यों और सिद्धांतों से समझौता नहीं करना चाहिए। आज देश को फिर ऐसे युवाओं की जरूरत है, जो स्वार्थ से ऊपर उठकर देश व समाज के हित में कार्य करें। श्रद्धांजलि सभा में संगठन के कोषाध्यक्ष मुकेश जैन, सचिव भगत सिंह सैनी, बालकिशन सैनी, यादराम सैनी, बल्लू चौधरी, धर्मचंद छाबड़ा, रिंकू जैन, मनोज कुमार, मुकेश सैनी आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वक्ताओं ने शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान को नमन करते हुए देशभक्ति की भावना को जीवंत बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। जिसमें सभी ने देश की एकता और अखंडता बनाए रखने की शपथ ली।

## ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ आर्गेनाइजेशन ने किया अमर शहीद चन्द्रशेखर को याद



नारनौल। नौजवानों के क्रांतिकारी संगठन ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ आर्गेनाइजेशन के तत्वावधान में स्वतंत्रता आन्दोलन के गैर समझौता वादी धारा के नायक चन्द्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर वीरवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के सामने में चन्द्रशेखर आजाद की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर एसयूसीआई कम्युनिस्ट के जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि शहीद चन्द्रशेखर आजाद की शहादत ने ब्रिटिश साम्राज्यवाद की चूलें हिला दी थी। ऐसे ही महान क्रान्तिकारियों की शहादत की बदौलत देश आजाद हुआ। ऐसे महान क्रान्तिकारियों का सपना एक शोषण विहिन समतामूलक समाज की स्थापना था। इस अवसर पर ऑल इंडिया डीवाईओ के जिला सचिव सतीश कुमार ने कहा कि चन्द्रशेखर आजाद का जीवन छात्र, नौजवानों वयुवाओं को समाज के लिए जीवन न्यौछावर करने की प्रेरणा देता है।

---

# आधुनिक निर्वाचन प्रबंधन को लेकर दो दिवसीय सम्मेलन 4 व 5 मार्च को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

आधुनिक निर्वाचन प्रबंधन को लेकर चुनाव आयोग ने चार व पांच मार्च को नई दिल्ली में सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के साथ दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन करने जाएगा। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डा. विवेक भारती ने बताया कि यह सम्मेलन भारत अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन संस्थान नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा।इसमें सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के कार्यभार संभालने के बाद से यह पहला ऐसा सम्मेलन है। चुनाव आयोग के अनुसार पहली बार मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे सम्मेलन में भाग लेने के लिए एक डीईओ व एक ईआरओ को नामित करें।

**सूचना**

मैं, प्रेमचंद पुत्र स्वर्गीय श्री राम स्वरूप निवासी गांव बांस किरारोद उमराबाद, तहसील नारनौल, जिला महेंद्रगढ़ बयान करता हूं कि मेरा एक पुत्र मनीष कुमार जोकि विवाहित है, अपनी मनमर्जी करता है। मैं अपनी चल अचल संपत्ति से अपने पुत्र मनीष कुमार को बेदखल करता हूं। जो भी इससे लेन-देन करेगा, वह स्वयं जिम्मेवार होगा। परिवार सदस्य व किसी भी रिश्तेदार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

# पुलिस की बड़ी कार्रवाई, लूट की योजना बनाते 8 बदमाशों को हथियारों के साथ किया गिरफ्तार

**खास बातें**

- आरोपितों से दो देसी पिस्टल, तीन जिंदा कारतूस, दो डंडे व दो गाड़ियां बरामद की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल



नारनौल। पुलिस गिरफ्त में आरोपित। फोटो : हरिभूमि



एसपी पूजा वशिष्ठ

सीआईए पुलिस ने अवैध हथियारों, डंडों के साथ आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपित लूट की वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने वीरवार को प्रेस वार्ता में बताया कि पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से आरोपितों को वारदात को अंजाम देने से पहले ही पकड़ लिया।

उन्होंने साइबर सेल व सीआईए महेंद्रगढ़ की की टीम को उनकी इस कामयाबी के लिए बधाई दी। सीआईए महेंद्रगढ़ की टीम ने मौके से आठ आरोपित अनिल वासी मांदी, कुलदीप वासी रतनपुरा थाना बानसूर राजस्थान, रजनीश वासी चंदु वाली ढाणी थाना बानसुर राजस्थान, राहुल वासी मांदी, शुभम वासी मांदी, शील मधुर वासी सुरानी, सुरेन्द्र वासी खटोटी थाना हरसोरा राजस्थान व संजय वासी उनिंदा को गिरफ्तार किया है। टीम ने आरोपितों से अवैध दो देसी पिस्टल, तीन जिंदा कारतूस, दो डंडे व दो गाड़ियां बरामद कर जब्त की हैं।

### आरोपियों के खिलाफ पहले भी हैं केस दर्ज

सभी आरोपितों के खिलाफ पहले भी काफी मामले दर्ज हैं। आरोपित अनिल के खिलाफ 19 मामले, आरोपित कुलदीप के खिलाफ सात मामले, आरोपित रजनीश के खिलाफ छह मामले, आरोपित राहुल के खिलाफ सात मामले, आरोपित शुभम के खिलाफ दो मामले, आरोपित संजय के खिलाफ चार मामले व आरोपी शील मधुर तथा आरोपित सुरेंद्र के खिलाफ एक एक मामला दर्ज हैं। आरोपितों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा और गहनता से पूछताछ की जाएगी।

### निशाने पर थे दूल्हा-दुल्हन सहित लंबी दूरी के बाराती

**कनीना।** जानकारी के अनुसार आरोपित विवाह शादी में आने जाने वाले लंबी दूरी के व्यक्तियों को निशाना बनाने के लिए अवसर का इंतजार कर रहे हैं। हथियारों के बल पर सड़क के दोनों ओर खड़े होकर विशेषकर दूल्हा दुल्हन की गाड़ियों की निगरानी कर रहे हैं। पुलिस ने मौके पर खड़ी गाड़ियों को कब्जे में लेकर पड़ताल की तो तीन अंदर बैठे व पांच बाहर खड़े युवकों को काबू किया। गैंग में शामिल आरोपितों के खिलाफ पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत तीन अलग अलग केस दर्ज किए हैं।

### गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई

एसपी पूजा वशिष्ठ ने बताया कि सीआईए महेंद्रगढ़ की टीम अपराध रोकथाम की चैकिंग के दौरान पड़तल बस अड्डा पर मौजूद थी। टीम को गुप्त सूचना मिली कि अनिल वासी मांदी, कुलदीप वासी रतनपुरा थाना बानसूर, रजनीश वासी चंदु वाली ढाणी थाना बानसुर, राहुल वासी मांदी, शुभम वासी मांदी, शील मधुर वासी सुरानी, सुरेन्द्र वासी खटोटी थाना हरसोरा राजस्थान, संजय वासी उनींदा मारपीट, लुट व अन्य कई वारदातों में शामिल रहते हैं। जिनके खिलाफ काफी मामले दर्ज हैं, जो सभी आज अपनी गाड़ी वरना व स्कॉर्पियो में सवार होकर बोहका से मोड़ी भोजावास सड़क पर खड़े हैं तथा लूट की योजना बनाए हुए हैं, जो डंडे, पिस्टल, देसी कट्टा, कारतूस काफी मात्रा में लिए हुए है व किसी वारदात को अंजाम देने के लिए योजनाबद्ध हैं। टीम सूचना के आधार पर गांव भोजावास से निकलते ही मोड़ी सड़क पर पहुंची। जहां पर खड़ी गाडी वरना व स्कॉर्पियो के पास पहुंचकर गाड़ियों के पास खड़े पांच व अन्दर बैठे तीन लड़कों को काबू किया। जिनमें अनिल वासी मांदी के पास अवैध देसी पिस्टल मिला, रजनीश वासी चंदु वाली ढाणी थाना बानसुर से तीन जिंदा कारतूस मिले, सुरेन्द्र वासी खटोटी से डंडा मिला, कुलदीप वासी रतनपुरा थाना बानसूर से डंडा, राहुल वासी मांदी से देसी पिस्टल बरामद हुआ।

**खबर संक्षेप**

### सीआईए ने अवैध हथियार के साथ हिस्ट्रीशीटर पकड़ा

**नारनौल।** पुलिस ने थाना शहर नारनौल क्षेत्र से अवैध हथियार रखने के मामले में गुप्त सूचना के आधार पर एक आरोपित शिवदयाल वासी मोहल्ला मिश्रवाड़ा को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपित से एक अवैध देसी पिस्टल, एक जिन्दा कारतूस व एक खाली खोल बरामद किया है। आरोपित हिस्ट्रीशीटर है, जिसके खिलाफ पहले भी 25 मामले दर्ज हैं। टीम को सूचना मिली कि शिवदयाल अवैध हथियार लिए हुए निजामपुर चौक फ्लाईओवर पर बैठा हुआ है।

### रेंजर रोवर लीडरशिप के शिविर का आयोजन

**नारनौल।** केंद्रीय विश्वविद्यालय जाट पाली में रेंजर रोवर लीडरशिप का एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप मुख्य अतिथि स्टेट कमिश्नर स्काउट यूनिवर्सिटी एंड कॉलेज चंडीगढ़ डा. आरके गुप्ता व विशिष्ट अतिथि स्टेट ट्रेनिंग कमिश्नर्स स्काउट चंडीगढ़ एलएस वर्मा ने रंजर रोवर के कैंप में आकर शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में डा. दिनेश चहल रेंजर रोवर यूनिवर्सिटी कमिश्नर व टेकचन्द यादव डीओसी स्काउट ने फर्स्ट एड, लीडरशिप डिजास्टर, मैनेजमेंट आदि विषयों पर जानकारी दी।

### गौड़ ब्राह्मण सभा भवन के लिए सौंपी राशि

**नारनौल।** गांव हसनपुर निवासी पवन शर्मा एडवोकेट ने जिला गौड़ ब्राह्मण सभा नारनौल के नए भूमि खरीद भवन निर्माण में 50 हजार रुपये की धनराशि दान स्वरूप दी है। गौड़ ब्राह्मण सभा के प्रधान राकेश महता अधिवक्ता ने देते हुए बताया कि सभा ने अपना खुद का भवन निर्माण के लिए भूखंड खरीदा है जिसमें सभा भवन बनाने के लिए भी विप्र बंधु दान दाताओं द्वारा राशि दी जा रही है। उन्होंने हसनपुर निवासी पवन शर्मा का आभार प्रकट किया।

### शमशेर सिंह ने विवि कोर्ट चुनाव में जीत की दर्ज

**महेंद्रगढ़।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी के कोर्ट चुनाव 25 फरवरी को करवाए गए, जिनका चुनाव केंद्र चार जोन थे। मतगणना विश्वविद्यालय कैंपस में की गई, जिनमें गवर्नमेंट कॉलेज से इतिहास विभाग के प्रोफेसर शमशेर सिंह भारी मतों से विजय घोषित किए गए। इस जीत की उपलब्धि पर क्षेत्र के सभी गवर्नमेंट और सहायता प्राप्त कॉलेज में खुशी का माहौल हैं। उन्होंने इस जीत की उपलब्धि प्रोफेसर शमशेर सिंह की कड़ी मेहनत व मिलनसार स्वभाव को माना है।

### वर्ष 2022 में शहर में लगाए थे 44 सीसीटीवी कैमरे

# पुलिस की लापरवाही से तीसरी आंख का पहरा हुआ कमजोर

छह माह बाद खराब होने शुरू हो गए थे कैमरे, पुलिस प्रशासन ने नहीं कराई कैमरों की मरम्मत, अब वारंटी भी हो चुकी है समाप्त

महेश कुमार ▸▸ महेंद्रगढ़







महेंद्रगढ़। सिटी में बनाए गए कंट्रोल रूम में बंद पड़े सीसीटीवी कैमरे तथा राव तुलाराम चौक के समीप खराब पड़ा सीसीटीवी कैमरा। फोटो :हरिभूमि

शहर में अपराध रोकने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे पुलिस प्रशासन की लापरवाही के चलते एक वर्ष से खराब पड़े हैं। सीसीटीवी कैमरों की वारंटी होने के बाद भी पुलिस प्रशासन द्वारा एजेंसी से मरम्मत कराने का प्रयास तक नहीं किया गया। ऐसे में अब पुलिस को ही अपराधियों को पकड़ने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है।

बता दें कि वर्ष 2022 में आमजन के सहयोग से शहर में सार्वजनिक स्थानों पर 44 सीसीटीवी कैमरे लगवाएं गए थे। सार्वजनिक स्थानों पर गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने और अपराध को रोकने के लिए महेंद्रगढ़ में कमांड एंड कंट्रोल सेंटर अभय की स्थापना की थी। छह माह तक सीसीटीवी कैमरों ठीक से काम किया। इस दौरान पुलिस को अपराधियों तक पहुंचने में काफी सहायता भी मिली। इसके बाद सीसीटीवी कैमरे खराब होने शुरू हो गए। इन सभी सीसीटीवी कैमरे की दो वर्ष वारंटी भी थी। सीसीटीवी लगवाने वाले लोगों द्वारा कई बार पुलिस प्रशासन को पत्र लिखकर कैमरों की मरम्मत कराने की मांग भी की, लेकिन पुलिस प्रशासन के उच्च अधिकारियों की ओर से एजेंसी से कैमरों की मरम्मत नहीं कराई गई। अब एजेंसी की मरम्मत की समयावधि पूरी हो चुकी है।

**इन स्थानों पर लगाए थे कैमरे**

महेंद्रगढ़ में पुलिस ने जनसहयोग से क्षेत्र में विभिन्न स्थानों जैसे लघु सचिवालय, राव तुलाराम चौक, सतनाली चौक, ब्रह्मदेव चौक, आजाद चौक, माता मसानी चौक, सब्जी मंडी के पास सहित शहर में अन्य मार्केट क्षेत्र व चौक-चौराहों तथा अन्य संदिग्ध स्थानों पर जन सहयोग से पुलिस विभाग द्वारा वर्ष 2022 में सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए थे। थाना महेंद्रगढ़ में इन सीसीटीवी कैमरों का कंट्रोल रूम बनाया गया है। यह सुविधा लघु सचिवालय में तत्कालीन एएसपी सिद्धांत जैन ने अपने कार्यालय में भी करवाई हुई थी। महेंद्रगढ़ थाने में इसके कंट्रोल रूम का शुभारंभ तत्कालीन पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने 15 नवंबर 2022 को किया था। अब सभी सीसीटीवी कैमरे पूरी तरह से बंद है। आमजन के सहयोग से लाखों रुपए खर्च करके शहर में सुरक्षा की दृष्टि से लगाए गए इन कैमरों का लाभ नहीं मिल पा रहा है। शहर के अंदर दिन-दहाड़े होने वाली घटनाओं को सर्च करने में भी काफी समय लग जाता है।

**कई बार पुलिस प्रशासन को लिखे पत्र : सुरेंद्र**

व्यापार मंडल के प्रधान सुरेंद्र बंटी ने बताया कि वर्ष 2022 में आमजन के सहयोग से शहर के सार्वजनिक स्थानों पर 44 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। सीसीटीवी कैमरे लगने के बाद पुलिस आसानी से अपराधियों तक पहुंच जाती थी। छह माह बाद ही कुछ कैमरे खराब हो गए थे तथा स्टेट हाईवे के निर्माण के समय कुछ सीसीटीवी की केबल कट गई थी। इसके अलावा बंदरों द्वारा भी सीसीटीवी कैमरों की केबल काट दी गई गई थी। उनके द्वारा कई बार पुलिस प्रशासन को सीसीटीवी की मरम्मत के लिए पत्र लिखा गया था लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला।

# यदुवंशी के 4 विद्यार्थियों ने यूनिवर्सिटी की टॉप-10 सूची पर किया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। परीक्षा पास करने वाले विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी द्वारा एमएससी केमिस्ट्री के तीसरे सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें यदुवंशी डिग्री कॉलेज की केमिस्ट्री विभाग के चार विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय की टॉप-10 सूची में स्थान हासिल किया। एमएससी केमिस्ट्री की सृष्टि पुत्री राजीव ने 8.93 एसजीपीए लेकर प्रथम, सोनिया पुत्री राकेश ने 8.86 लेकर दूसरा, कल्पना पुत्री अजय कुमार ने 8.75 लेकर चौथा, ईशा पुत्री हरिओम ने 8.60 एसजीपीए लेकर नौवां स्थान हासिल किया। इन विद्यार्थियों ने यह स्थान हासिल करके न केवल अपना बल्कि अपने माता-पिता, यदुवंशी कॉलेज व क्षेत्र का नाम भी रोशन किया। संस्था अध्यक्ष व पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने एमएससी केमिस्ट्री के सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। वाइस चेयरमैन करण सिंह यादव, चेयरपर्सन संगीता यादव ने भी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। संस्था डायरेक्टर विजय सिंह यादव ने कहा कि यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है, जो विद्यार्थियों के लगन और परिश्रम से प्रभावित हैं। फाउंडर डायरेक्टर राजेंद्र यादव, डॉक्टर प्रदीप यादव, कॉलेज प्राचार्य बबरूभान ने भी सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# कमानियां मेले में 51 हजार की ईनामी कुश्ती के विजेता बने संजय जैलाफ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल



नारनौल। कमानियां मेले में कुश्ती लड़ते पहलवान।

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर श्री रामनाथ छोटी काशी धाम कमानियां में हर वर्ष कि भांति इस वर्ष भी एक विशाल मेले व कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। इस आयोजन में आसपड़ोस के खिलाड़ियों के साथ-साथ पड़ोसी राज्य राजस्थान और दिल्ली के पहलवानों ने भी अपना दमखम दिखाया। मेले में 11 रुपये से लेकर 51000 तक की कुश्तियां करवाई गई। मेला कमेटी द्वारा विजेता पहलवानों को नगद इनाम देकर सम्मानित किया गया। इक्कायन हजार के आखिरी कामड़ा की कुश्ती अजीत पहलवान कमानियां और संजय जैलाफ के बीच हुई, जिसमें संजय जैलाफ विजयी रहे। कमानियां के अजीत पहलवान के कामड़ा की कुश्ती लड़ने पर पूरे गांव ने तालियों से स्वागत किया और गांव के कुछ युवा सेनिकों ने पहलवान के लिए अपने अपने निजी कोष से इनाम की घोषणा भी की। कुश्ती दंगल में ग्रामीणों ने पहलवानों की जीत मिलाकर ही कुश्ती करवाई। पूरे दंगल में रामप्रताप पहलवान कमानियां, पुष्कर पहलवान और यादराम पहलवान ने रेफरी की भूमिका निभाई।

इस मौके पर मंदिर कमेटी के राजाराम नंबरदार, वेद्रप्रकाश डेलीगेट, सुरेश मास्टर, कर्णसिंह सरपंच, रामशरण, रामसिंह सरपंच, अमर सिंह चेयरमैन, परमानंद यादव, सूबेदार शीशराम यादव, इंस्पेक्टर बिसंबर दयाल, भीमपाल ठेकेदार व कृष्ण जागीदार आदि मौजूद रहे।

## डीईटीसी ने जीएसटी एमनेस्टी स्कीम के संबंध में ली बैठक



नारनौल। जीएसटी एमनेस्टी स्कीम के संबंध में बैठक लेती प्रियंका यादव।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल

नारनौल। उप आबकारी व कराधान आयुक्त बिक्री कर अधिकारी प्रियंका यादव ने वीरवार को अपने कार्यालय में जीएसटी एमनेस्टी स्कीम के कार्यान्वयन को लेकर बैठक ली। उप आबकारी व कराधान आयुक्त बिक्री कर अधिकारी प्रियंका यादव ने कहा कि हरियाणा सरकार की अधिसूचना के तहत करदाताओं के लिए जीएसटी एमनेस्टी स्कीम को लागू किया गया है। उन्होंने बताया कि यह योजना उन करदाताओं के लिए लागू होगी जिन पर वित्त वर्ष 2017-18, 2018-19 व 2019-20 के लिए हरियाणा जीएसटी अधिनियम 2017 की धारा 73 के तहत बकाया कर देनदारी है। इस योजना में पात्र करदाताओं को बकाया कर पर ब्याज व जुर्माना में राहत दी जाएगी। इस योजना का लाभ लेने के लिए करदाता को 31 मार्च तक पूरा टैक्स जमा करवाना होगा। इस मौके पर कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी, संगठन के सदस्य व व्यापारी संगठन के सदस्य मौजूद थे।

# गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक नारनौल ने खो-खो में जीता सिल्वर मेडल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल



नारनौल। ट्रॉफी के साथ खो–खो खेलने वाली पॉलिटेक्निक की टीम।

बाबा खेतानाथ गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक ने इंटर पॉलिटेक्निक गेम खो खो में इतिहास रचकर रजत पदक प्राप्त किया है। इससे पहले भी इसी सत्र में लगातार तीन खेलों में पदक प्राप्त किए हैं, जिसमें दो स्वर्ण पदक तथा एक कांस्य पदक शामिल रहा। इससे पहले नारनौल पॉलिटेक्निक की टीम ने वॉलीबॉल में गोल्ड मेडल फुटबॉल में कांस्य पदक तथा बैडमिंटन में गोल्ड मेडल प्राप्त किया था। यह पदक आने का सिलसिला अचानक से ही शुरू नहीं हुआ, बल्कि इसके पीछे संस्थान के प्रधानाचार्य अनिल यादव तथा पूरे स्टाफ की विशेष मेहनत का नतीजा है। बता दें कि यह खो–खो प्रतियोगिता गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक हिसार में आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक नारनौल की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक हिसार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। नारनौल पॉलिटेक्निक की टीम ने सेमीफाइनल में मजबूत जमालपुर शेखों को हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। फाइनल में नारनौल पॉलिटेक्निक की टीम बहुत जोरदार प्रयास किया। हालांकि टीम को 9-14 से हार कर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इस पदक से नारनौल गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक खो खो टीम ने महेंद्रगढ़ जिले का तथा संस्थान का नाम रोशन किया। रजत पदक प्राप्त करने के तुरंत बाद संस्थान के प्रधानाचार्य इंजी अनिल यादव ने टीम के साथ गए स्पोर्ट्स इंचार्ज मनोज यादव तथा स्टाफ मेंबर प्रवीण कुमार से और सभी खिलाड़ियों से बातचीत की और उनको जीत की बधाइयां दी। इस पूरी प्रतियोगिता में संस्थान के स्पोर्ट्स इंचार्ज मनोज यादव तथा स्टाफ मेंबर प्रवीण कुमार साथ रहे और लगातार खो खो टीम के खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते रहे और जीत के लिए प्रेरित करते रहे।



महेंद्रगढ़। विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्यातिथि प्रो. मैथिली शरण व कुलपति। फोटो : हरिभूमि

## विद्यार्थियों में विज्ञान की प्रायोगिक समझ नवाचार के लिए आवश्यक : प्रो. टंकेश्वर कुमार

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी निदेशालय (डीएसटी) हरियाणा के सहयोग से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में वीरवार को विशेष कार्यक्रम की शुरूआत हो गई। इंपावरिंग इंडियन यूथ फॉर ग्लोबल लीडरशिप इन साइंस एंड इनोवेशन फॉर विकसित भारत थीम पर आधारित इस विज्ञान प्रदर्शनी में 27 फरवरी को हकेवि के विभिन्न विभागों तथा स्थानीय स्कूलों की ओर से उल्लेखनीय कार्यों, शोध व नवाचार की प्रदर्शनी लगाई गई। इस दौरान नवाचार के अंतर्गत वंडर्स आफ इनोवेशन, पेंटिंग, भाषण, प्रश्नोत्तरी, विभागीय प्रदर्शनी एवं इनोवेटिव साइंस टीचिंग कॉन्टेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन के उद्घाटन सत्र में आईआईटी दिल्ली के प्रो. मैथिली शरण मुख्यातिथि के साथ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार, विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, शोध अधिष्ठाता प्रो. पवन कुमार शर्मा भी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस तरह के आयोजन विश्वविद्यालय की प्रगति के परिचायक हैं। आयोजन में जिस तरह से विभिन्न विभागों ने अपनी उपलब्धियों को प्रस्तुत किया है, वह सराहनीय है।

# स्पोर्ट्स क्लब खासपुर टीम ने सफाई अभियान से स्वच्छता का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल



नारनौल। खासपुर में सफाई अभियान चलाते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

मिशन महेंद्रगढ़ अपना जल की मुहिम के तहत खासपुर टीम ने सफाई अभियान चलाया। टीम सदस्यों ने स्पोर्ट्स क्लब खासपुर व श्री शनि शक्ति धाम खासपुर में स्थित सभी पार्कों में पौधों की खुदाई की व खरपतवार को हटाकर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अभियान में टीम के सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मिशन महेंद्रगढ़ के संयोजक डा. जयकृष्ण आभीर के नेतृत्व में यह कार्य किया गया। स्वच्छता अभियान में यशवीर, विकास, अनिल, राजेश, अमरजीत, सचिन, योगेश, आकाश ने विशेष रूप से योगदान दिया। टीम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण व सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखना है। इस पहल के तहत पौधों की देखभाल व पार्कों की नियमित सफाई की जा रही है। मिशन महेंद्रगढ़ की टीम लगातार क्षेत्र में सामाजिक कार्य कर रही है और लोगों को स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक कर रही है। स्थानीय लोगों ने कहा कि इस तरह के प्रयासों से न केवल स्वच्छता को बढ़ावा मिलता है, बल्कि हरियाली भी संरक्षित रहती है। मिशन महेंद्रगढ़ टीम ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे इस अभियान से जुड़ें।

## उपायुक्त डा. विवेक भारती ने ली सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

# नेशनल हाईवे पर लगे कैमरों से भेजे जाएंगे चालान

- जनवरी में 2000 बच्चों को दिया गया फर्स्ट एड का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल



नारनौल। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेते डीसी डा. विवेक भारती।

सड़क सुरक्षा समिति व सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के संबंध में उपायुक्त डा. विवेक भारती ने वीरवार का लघु सचिवालय में अधिकारियों की बैठक ली। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए। डीसी ने कहा कि हरियाणा सरकार का लक्ष्य है कि सड़क हादसों में कमी लाई जाए। दुर्घटनाओं में एक भी व्यक्ति की मौत होना बहुत ही दुखदाई होता है। ऐसे में अधिकारी उनके विभाग से संबंधित हर बिंदु पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने कहा कि निजी स्कूल बसों की लगातार चैकिंग की जाए। अगर कहीं भी नॉर्म के अनुसार बसें नहीं चलती मिले तो कार्रवाई की जाए।

इस अवसर पर सचिव आरटीए मनोज कुमार ने बताया कि आरटीए विभाग की तरफ से जनवरी में 412 स्कूल बसों को चैक किया गया। इनमें 48 बसों का चालान भी किया गया है। इसी प्रकार पुलिस की ओर से 147 बसों की चैकिंग की गई। पुलिस ने एक बस का चालान किया है। उन्होंने बताया कि आरटीए की तरफ से सड़क सुरक्षा माह के दौरान 36 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। जिला रेडक्रॉस समिति की तरफ से जनवरी महीने में 30 स्कूलों के 2000 बच्चों को फर्स्ट एड का प्रशिक्षण दिया गया है। डीसी ने ग्रीन कॉरिडोर 152-डी पर गलत दिशा में आने वाले वाहनों की शिकायत के संबंध में डीसी ने संबंधित अथॉरिटी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे हाईवे पर लगे कैमरों की फुटेज पुलिस को उपलब्ध करवाएं, ताकि पुलिस उन्हें पोस्टल चालान भेज सके।

उन्होंने कहा कि सड़कों पर लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस विभाग बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों के चालान काटें।

इस बैठक में जिले में दुर्घटना संभावित बिंदुओं पर भी विचार विमर्श किया गया। इससे पहले पिछले माह बताए गए बिंदुओं की एक्शन टेकन रिपोर्ट संबंधित अधिकारियों की ओर से प्रस्तुत की गई।

इस बैठक में नगराधीश मंजीत कुमार, डीएसपी सुरेश कुमार, एक्सन बीएंडआर अश्वनी कुमार, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुभाष सांवरिया के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।